>

Title: Need to carry out repair work on NH-29 in Uttar Pradesh.

श्री कमलेश पासवान : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि आज से चार-पांच महीने पहले माननीय जितिन प्रसाद जी मंत्री थे। ये गोरखपुर में गए थे। एनएच-29 पर ही उनका कार्यक्रम था। गोरखपुर बाय-पास का शिलान्यास करने क्षेत्र के करीब हजारों लोग उस कार्यक्रम में आए, उन्होंने वहां यह घोषणा की थी कि हम छः महीने के अंदर इसको फोर लाइन में तब्दील कर देंगे और जल्द से जल्द उसको गड्ढामुक्त कर देंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से दुर्भाग्य से यह कहना है कि न गड्ढामुक्त हुआ और न ही उस सड़क का टैंडर हुआ। पिछली 21 तारीख को भी मैं धरने पर बैठा था, वहां पर सभी एनएच के अधिकारी आए, उन्होंने फिर घोषणा की कि हफ्ते भर के अंदर हम इस काम को चालू करा देंगे। हमें दुर्भाग्य से यह बात कहनी पड़ रही है कि ये अधिकारी आकर सिर्फ घोषणा करते हैं, चाहे मंत्री हों या इनके अधिकारी हों। ये कोई कार्य नहीं कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके मार्फत कहना चाहता हूं कि सरकार को आप आदेशित करिए कि जल्द से जल्द उस कार्य को करें। वहां लोगों को लगे कि प्रदेश में एनएच की सड़कें हैं। माननीय सी.पी. जोशी जी सिर्फ आश्वासन देते हैं, कुछ करते नहीं हैं।...(व्यवधान) सदन के माध्यम से उनके कानों तक यह बात पहुंचाएं, ताकि वे पैसा देकर जल्दी से इस कार्य को करवाएं।